Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

# HISTORY Question PAPER

**समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

***सामान्य निर्देश :***

*1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने लिखे हैं।*

*2. 2 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'क') का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*3. 5 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'ख) का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*4. 10 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'ग') का उत्तर 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*5. खण्ड 'घ' में स्रोत आधारित प्रश्न दिये गये हैं।*

*6. मानचित्र उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*

**खण्ड 'क'**

1. 'अब्बासी क्रांति से क्या तात्पर्य है?
2. आस्ट्रेलोपिथिकस को यह नाम क्यों दिया गया?
3. 'हिजरा' से क्या अभिप्राय है? इस्लाम के इतिहास में इसका क्या महत्व है?

**खण्ड 'ख' (अनुभाग 1) किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

4. चंगेज खान के अधीन मंगोलों की सैनिक सफलताओं में किन कारकों ने सहायता पहुँचाई?
5. माया संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालिए।
6. फ्रांस के सर्फ और रोम के दास के जीवन की तुलनात्मक व्याख्या कीजिए।
7. इटली के नगरों को नया जीवन किस प्रकार मिला?

**खण्ड 'ख' (अनुभाग 2)**

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

8. पुनर्जागरण काल में विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति के क्या कारण थे?
9. चीन में साम्यवादी दल का उद्‌भव, सन यात सेन के तीसरे सिद्धान्त पर आधारित था, व्याख्या कीजिए।
10. औद्योगिक क्रांति का इंग्लैंड के श्रमिकों पर क्या प्रभाव पड़ा?

**खण्ड 'ख' (अनुभाग 3)**

**किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

11. शिक्षा के प्रति एजटेक लोगों की क्या नीति थी?
12. नहर और रेलवे परिवहन के सापेक्षिक लाभ क्या-क्या है?
13. मेजी पुनर्स्थापना का अर्थ क्या है?जापान के विकास पर इसके भावी प्रभाव क्या थे?



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

14. मध्यकालीन यूरोप के समाज मे कौन-कौन से मुख्य वर्ग थे? किसी एक की दशा का वर्णन करो।

**खण्ड 'ग'**

15. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम इंग्लैण्ड में ही क्यों प्रारंभ हुई? इसके सामाजिक तथा आर्थिक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

मेसोपोटामिया की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

16. यूरोप में चौदहवीं शताब्दी का संकट क्या था ? इसके लिए कौन-कौन से कारक उत्तरदायी थे? इस संकट के क्या परिणाम निकले?

अथवा

मध्यकालीन इस्लामी जगत में वास्तुकला के विकास का विवरण कीजिए।

**खण्ड 'घ'**

17. निम्नलिखित अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

हिजरी सन् की स्थापना उमर की खिलाफत के समय की गई थी, जिसका पहला वर्ष 622 ई. में पड़ता था। हिजरी सन् की तारीख को जब अंग्रेजी में लिखा जाता है तो वर्ष के बाद ए.एच. लगाया जाता है। हिजरी वर्ष चन्द्र वर्ष है, जिसमें 354 दिन, 29 अथवा 30 दिनांक के 12 महीने (मुहर्रम से धुल हिज्जा तक) होते हैं। प्रत्येक दिन सूर्यास्त के समय से शुरू होता है और प्रत्येक, महीना अर्धचंद्र के दिन से शुरू होता है। हिजरी वर्ष सौर वर्ष से 11 दिन कम होता है। अत: हिजरी का कोई भी धार्मिक त्योहार, जिनमें रमजान के रोजे, ईद और हज शामिल हैं, मौसम के अनुरूप नहीं होता। हिजरी कैलेंडर की तारीखों को ग्रैगोरियन कैलेंडर (जिसकी स्थापना पोप ग्रैगरी 13वें द्वारा 1582 ई. में की गई थी) की तारीखों के साथ मिलाने का कोई सरल तरीका नहीं है। इस्लामी (एच) और ग्रैगोरियन क्रिश्चियन (सी) वर्षों के बीच मोटे रूप से समानता की गणना निम्नलिखित फार्मूलों से की जा सकती है:

(एच x 32/33) + 622 = सी

(सी – 622) x 33/32 = एच

प्रश्न

1. पैगम्बर मुहम्मद का जन्म कब हुआ और उन्होनें इस्लाम की स्थापना कब की? 2
2. हिजरी सन् की स्थापना कब हुई? 2
3. हिजरी सन् किस प्रकार का वर्ष है तथा इसमे कितने दिन होते है? 2
4. रमजान से क्या तात्पर्य है 2



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

अथवा

***निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-***



3000 ई.पू. उरुक नगर में स्त्री का यह सिर एक सफेद संगमरमर को तराशकर बनाया गया था। इसकी आंखों और भौंहों में क्रमशः नीले लाजवर्द तथा सफेद सीपी और काले डामर की जड़ाई की गई होगी। सिर के ऊपर एक खांचा बना हुआ जो शायद गहना पहनने के लिए बनाया गया था। यह मूर्तिकला का एक विश्व-प्रसिद्ध नमूना है, इसके मुख, ठोड़ी और गालों की सुकोमल-सुंदर बनावट के लिए इसकी प्रशंसा की जाती है। यह ऐसे कठोर पत्थर में तराशा गया है जिसे काफी अधिक दूरी से लाना पड़ा होगा।

**प्रश्न**

1. स्त्री का यह सिर कितने वर्ष पुराना है? 2
2. आंखों व भौंहों पर कौन-कौन सा सजावट का सामान लगाया है? 3
3. मूर्ति के सिर पर बनें खाँचे से क्या अर्थ निकलता है? 2
4. उपरोक्त वर्णित शहर का नाम बताइए? 1

***18. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और अन्त में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-***

चंगेज खान के अभियानों के विषय में प्राप्त समस्त विवरण इस पर सहमत हैं कि जिन नगरों ने उनका प्रभुत्व स्वीकार नहीं किया उन पर अधिकार जमाने के बाद वहां रहने वाले बहुत से लोगों को उसने मौत के घाट उतार दिया। इनकी संख्या बहुत चौंका देने वाली है। 1220 ई. में निशापुर पर आधिपत्य करने में 17,47,000, जबकि 1222 ई. हिरात पर आधिपत्य करने में 16,00,000 और 1258 में बगदाद पर आधिपत्य करते समय 8,00,000 लोगों का वध किया गया। छोटे नगरों में सापेक्षिक रूप से कम नरसंहार हुआ। नासा में 70,000, बैहाक जिले में 70,000 और कुहिस्तान प्रांत के तून नगर में 12,000 लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा।

मध्यकालीन इतिवृत्तकारों ने मृतकों की संख्या का अनुमान कैसे लगाया?

इतरखानों के फारसी इतिवृत्तकार जुवैनी ने बताया कि मार्च में 13,00,000 लोगों का वध किया गया। उसने इस संख्या का अनुमान इस प्रकार लगाया कि तेरह दिन तक 1,00,000 शव प्रतिदिन गिने जाते थे।



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
© www.ncerthelp.com

**प्रश्न**

1. उपर्युक्त वृतांत से क्या निष्कर्ष निकलता है? 2
2. 1220 से 1258 ई तक चंगेज खान ने किन किन स्थानों पर अधिपत्य स्थापित किया। 2
3. मध्यकालीन इतिवृत्तकारों ने मृतकों की संख्या का अनुमान कैसे लगाया? 2
4. वर्तमान मंगोलिया में चंगेज खान का क्या स्थान है? 2

अथवा

18.

ब्रिटेन के निबंधकार और उपन्यासकार डी.एच. लॉरेन्स (1885-1930), डिकेन्स के सत्तर साल बाद, कोयला क्षेत्र में स्थित एक गांव में आए ऐसे परिवर्तन का इस प्रकार वर्णन किया जिसे उन्होंने स्वयं अनुभव नहीं किया था, लेकिन जिसके बारे में उन्होंने अपने बड़े-बुजुर्गों से सुना था।

''ईस्टवुड... उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में अवश्य ही एक छोटा गांव रहा होगा जहां छोटी-छोटी झोपड़ियां थीं, खान मजदूरों के चार कमरों वाले छोटे-छोटे घरों की छिटपुट कतारें थीं और पुराने खान मालिकों के आवास थे... लेकिन 1820 के आसपास किसी समय कंपनी ने पहला बड़ा शैफ्ट दिया होगा.... और औद्योगिक कोयला खान की पहली वास्तविक मशीनरी लगाई... मजदूरों के रहने के छोटे-छोटे घरों की कतारें अधिकतर गिरा दी गईं और फिर नाटिंघम रोड के साथ-साथ छोटी-छोटी दुकानें खुलने लगीं और नीचे ढलान में कंपनी ने कुछ इमारतें बनाईं जिन्हें आज भी 'नयी इमारतें' कहा जाता है. .. भट्ठी, काली गली में खुलने वाली छोटे-छोटे चार कमरों वाले घरों की कतारें जिनकी पीठ चौकोर निर्जन स्थल की ओर थी, बेरकों के बाड़े की तरह बंद कर दी गई, बड़ा अजीब लगता है यह सब।''

1. उपर्युक्त अनुच्छेद के लेखक कौन हैं? तथा इसमें किनका वर्णन किया है? 2
2. लेखक के गांव के विषय में क्या विचार थे? 3
3. गांव में कोयला खान की मशीनरी लगने के बाद क्या परिवर्तन आये? 3

***निम्नलिखित अनुच्छेदों के अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-***

19.

''अमरीका की पूर्वसंध्या (यानी जब यूरोपीय लोग आए और इस महाद्वीप को उन्होंने अमरीका नाम दिया) से ठीक पहले तक विविधता हर जगह पसरी हुई थी। लोग सौ से भी ज्यादा जबानें बोलते थे। वे शिकार, मछली पकड़ना, संग्रहण, बागवानी और खेती में जो-जो मुमकिन हो, वह सब आजमाते हुए अपनी जीविका कमाते थे। मिट्टी की गुणवत्ता कैसी है और उसके इस्तेमाल तथा देख-भाल के लिए कितने प्रयास की दरकार है, इसी पर जीने के तरीके का उनका चुनाव निर्भर करता था। सांस्कृतिक और सामाजिक पूर्वाग्रह के आधार पर कुछ दूसरी चीजें तय होती थीं। मछली, अनाज, बाग के पेड़-पौधे, मांस- इनके अधिशेष हमारे यहां ताकतवर, श्रेणीबद्ध समाजों की रचना में मददगार बने, लेकिन वहां नहीं। कुछ संस्कृतियां सहस्राब्दियों तक कायम रहीं।....''

*-विलियम मैकलिश, अमरीका से पहले का दिन*



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

1. उपरोक्त अनुच्छेद के लेखक का नाम लिखिए। 2

2. अमरीका की ''पूर्व संध्या'' से क्या तात्पर्य है? 2

3. अमरीका की पूर्व संध्या से पहले इस महाद्वीप के लोगों की विविधताओं के बारे में वर्णन कीजिए। 4

अथवा

''कितने बहादुर पुरुषों और महिलाओं ने अपने कुटुंबियों के साथ नाश्ता कर उसी रात्रि को दूसरी दुनिया में अपने पूर्वजों के साथ रात्रि भोजन किया होगा। लोगों की हालत दयनीय थी जिसे देखा नहीं जा सकता था। वे हजारों की संख्या में प्रतिदिन बीमार होते थे और बिना किसी मदद के मर जाते थे। अनेक खुली गलियों में मरते थे और बाकी अपने घरों में मरते थे इसका पता उनके सड़े शरीर की बदबू से चलता था चूंकि पवित्र कब्रिस्तान इतनी अधिक संख्या में शरीरों को दबाने के लिए पर्याप्त नहीं थे अतः उनको सैकड़ो की संख्या में बड़ी-बड़ी खंदकों में डाल दिया जाता था, जैसे कि पोत में सामान को भरा जाता है, और ऊपर थोड़ी सी मिट्टी डाल दी जाती थी।''

*-जिओवानी बोकाचियो (Giovanni Boccacio) (1313-75), इतालवी लेखक*

क) इस स्रोत के लेखक का नाम लिखिए। (1)

ख) 14वीं सदी यूरोप में महामारी के कारण होने वाले विनाश का विवरण दीजिए। (3)

ग) यह त्रासदी यूरोप की कौन-सी अवस्था से संबंधित है? विस्तार पूर्ण लिखिए। (4)

दिए गए यूरोप के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए?

1. आल्टामीरा 2. हिंडेलबर्ग 3. लेजरेट गुफा 4. बॉक्सग्रोव 5. निअंडर घाटी

अथवा

दिए गए आस्ट्रेलिया के मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए

1. पर्थ 2. सिडनी 3. मेलबोर्न 4. एडलेड 5. डार्विन

21. दिए गए अफ्रीका के मानचित्र पर पांच स्थान 1-5 तक दिखाए गए हैं उन्हें पहचान कर उनके नाम लिखिए?

निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न प्र. सं. 20 और 21 के स्थान पर हैं।

20. यूरोप के किन्हीं पांच स्थलों के नाम लिखिए जहां से आदि मानव के साक्ष्यों की प्राप्ति हुई है।

अथवा

आस्ट्रेलिया के किन्हीं पांच स्थलों के नाम लिखिए।


21. अफ्रीका के दास व्यापार से संबंधित किन्हीं पांच स्थलों के नाम लिखिए।




Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

प्रश्न 20 :-









Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
© www.ncerthelp.com

प्रश्न 21 :-



© www.ncerthelp.com



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12